कार्यालय ग्राम– पंचायत श्रीकोलायत जी (बीकानेर)

स्टेडियम प्रोजेक्ट रिपोर्ट

सांख्य दर्शन के प्रणेता व विष्णु के अवतार श्रीकपिल मुनि 52 घाट के तीर्थ श्रीकोलायत ग्राम पंचायत मुख्यालय है तथा उपखण्ड मुख्यालय, पं.सं. खण्ड विकास अधिकारी मुख्यालय, पुलिस का वृताधिकारी मुख्यालय है। तथा श्रीकोलायत जी बीकानेर जिला हेड क्वाटर से लगभग 50 कि.मी. जैसलमेर–बीकानेर नेशनल हाइवे से 5 किमी दक्षिण मे स्थित है।

ग्रा.पं. श्री कोलायत द्वारा वर्तमान में स्टेडियम निर्माण हेतु प्रयास किये जा रहे है जिसका महत्व निम्न बिन्दुओ के माध्यम से दर्शित होता है :–

(1) चूंकि श्रीकोलायत उपखण्ड मुख्यालय है।

(2) श्रीकोलायत की दूरी बीकानेर से 50 किमी ही है। जिससे बीकानेर सम्भांग में होने वाले खेल खुद कार्यक्रम की अधिकता के लिए श्रीकोलायत का प्रस्तावित स्टेडियम उपयुक्त रहेगा।

(3) श्रीकोलायत तीर्थस्थल है जिसमे कार्तिक पूर्णिमा को मेला आयोजित होता है तथा अनेको प्रकार के सांस्कृति कार्यक्रम होते हैं। अतः स्टेडियम का महत्व है।

(4) श्रीकोलायत एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहाँ अनेको सैलानी पर्यटन पर आते रहते हैं।

(5) राजस्थान सरकार द्वारा श्री कोलायत को बजट–2022 मे पर्यटन स्थल में सम्मिलित करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गई है।

(6) श्रीकोलायत बोर्डर एरिया के समीप स्थित है जिससे यह कभी भी (स्टेडियम) राष्ट्रहित मे सेना के उपयोग हेतु उपयोगी साबित हो सकता है।

(7) उपखण्ड मुख्यालय होने के कारण गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस आदि पर युवाओं द्वारा परेड़, देश भक्ति कार्यक्रम आदि होते हैं।

(8) युवाओ को सेना की तैयारी करने हेतु मैदान उपलब्ध हो सकेगा तथा युवाओ मे देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

(9) श्रीकोलायत में युवाओं द्वारा वर्तमान मे कई पदक जिते जा रहे हैं जैसेः— तैराकी, भाला फेंक, गोला फेंक आदि में अनेको मेडल प्राप्त किये हैं।

(10) श्रीकोलायत में वर्तमान मे एक सरकारी महाविद्यालय संचालित है। तथा एक बजट में आयोजित है। इस प्रकार दो महाविद्यालय हैं।

(11) श्रीकोलायत मे कन्या सीनियर सैकेण्डरी तथा स्याग सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय हैं।

(12) श्रीकोलायत में प्राथमिक विद्यालय 05 तथा उच्च प्राथमिक 02, तथा 7 प्राईवेट विद्यालय संचालित है। इस प्रकार उपरोक्त बिन्दुओं को देखते हुई ग्राम पंचायत श्रीकोलायत द्वारा प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण का औचित्य अति महत्वपूर्ण है।

(13) स्टेडियम मे खो—खो, कबड्डी, दौड़ने का ट्रैक तथा पर्किंग, रोड़ तथा दर्शको कके लिए पार्किंग व बैठने सम्बन्धि सुविधाओ की अति आवश्यकता होगी।

(दिनेश सिंह भाटी)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति, कोलायत